बोर्ड के प्रशासनिक, एकेडमिक व परीक्षा विभाग होंगे अलग-अलग, ठेके पर भर्ती

पटना.बिहार विद्यालय परीक्षा समिति तीन भागों में बांटी जाएगी। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। बोर्ड प्रशासन ने समिति के कार्यों को आसान बनाने के लिए प्रशासनिक, अकादमिक व परीक्षा नाम से तीन विभाग बनाने की तैयारी कर ली है। ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर को तैयार किया जा रहा है। **जानिए कैसा होगा बोर्ड का ऑर्गेनाइजेशनल स्ट्रक्चर...**

- समिति के संकायों को बांटने की योजना को देखते हुए शनिवार की बोर्ड की प्रस्तावित बैठक को स्थगित कर दिया गया है।
- परीक्षा समिति के माध्यमिक(मैट्रिक) व उच्च माध्यमिक (इंटर) शाखा को एक साथ कर दिया गया है।
- इससे बोर्ड कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी बिना किसी हंगामा-प्रदर्शन के पूरी हो गई है।
- अब मैट्रिक व इंटर शाखा के कर्मी बोर्ड के कर्मचारी ही कहे जाएंगे। समिति के सभी कार्यों की देखरेख अब केवल सचिव नहीं करेंगे।
- इसके लिए तीन अलग-अलग विभाग के प्रधान रहेंगे। सचिव केवल अब प्रशासनिक कार्यों को देखेंगे।
- उनके जिम्मे प्रशासनिक कार्यों के अलावा लेखा, निगरानी, लीगल आदि शाखा होंगे। दूसरी शाखा परीक्षा शाखा होगी।
- इस शाखा के प्रधान परीक्षा नियंत्रक होंगे। परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केंद्र के गठन, मूल्यांकन केंद्र की स्वीकृति, वीक्षक-परीक्षक के निर्धारण आदि की जिम्मेदारी दी जाएगी।
- तीसरी शाखा अकादमिक शाखा होगी। इसके प्रमुख निदेशक, एकेडमिक होंगे। उनके जिम्मे माध्यमिक स्कूल व इंटर कॉलेजों को एक्रिडिटेशन देने की जिम्मेदारी होगी।
- सचिव, परीक्षा नियंत्रक व निदेशक, एकेडमिक सीधे बोर्ड अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे।
- बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि समिति में अभी तक एकेडमिक स्ट्रक्चर नहीं रहने के कारण कामकाज में काफी परेशानी होती है।
- केवल सचिव के पास सभी कार्यों की जिम्मेदारी रहने के कारण काम की गति भी काफी धीमी होती है। नई व्यवस्था से समिति का कार्य तेज होगा।
- नए पदाधिकारियों के आने से गति बढ़ेगी तो समिति बेहतर माहौल में परीक्षा लेने में सफल हो सकेगा। अध्यक्ष ने कहा कि नए स्ट्रक्चर में 46 नए पदों का सृजन किया गया है।
- इसमें से कुछ पदाधिकारी बोर्ड के पास हैं। अधिकांश पदों पर स्थायी नियुक्ति होने तक संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाएगी।

ऐसा होगा बोर्ड का ऑर्गेनाइजेशनल स्ट्रक्चर

प्रशासनिक प्रभाग : प्रभाग के प्रधान बोर्ड सचिव होंगे। प्रभाग में सभी प्रशासनिक, लेखा परीक्षा व लेखा संबंधी, विधि संबंधी व जनसंपर्क कार्यों को पूरा कराया जाएगा। सचिव का बोर्ड के सभी प्रशासनिक कार्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उनके पास 20 पदाधिकारियों की टीम होगी।

अकादमिक प्रभाग : प्रभाग के प्रधान निदेशक एकेडमिक होंगे। उनके पास पाठ्यक्रम विकास, पाठ्य पुस्तकों का विकास, सैंपल पेपर का निर्माण, प्रश्न पत्रों का सेट तैयार कराना, वैज्ञानिक मूल्यांकन की व्यवस्था, स्कूलों को शैक्षणिक मार्गदर्शन और शिक्षण संस्थानों को प्रस्वीकृति की जिम्मेदारी होगी।

परीक्षा प्रभाग :प्रभाग के मुखिया परीक्षा नियंत्रक होंगे। यह इकाई सभी प्रकार की परीक्षाओं का आयोजन कराएगी। परीक्षा नियंत्रक परीक्षा से संबंधित सभी मामलों, परीक्षाओं के प्रशासन, मुख्य रूप से परीक्षा के पूर्व व बाद के कार्य, वार्षिक व पूरक मैट्रिक व इंटर परीक्षा के लिए उत्तरदायी होंगे। उनकी टीम में भी 13 पदाधिकारी होंगे।